ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में रैगिंग विरोधी सह अनुशासन समिति द्वारा रैगिंग विरोधी सप्ताह (दिनांक 12/08/2025 से 18/08/2025) कार्यक्रम समन्वयक डॉ दिव्या शर्मा का निर्देशन में प्रथम दिवस का आगाज बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्या महोदया डॉ विभा ठाकुर जी ने नशा मुक्ति, रैगिंग विरोधी तथा हर घर तिरंगा की शपथ दिलाई। तत्पश्चात् एन०सी०सी०, एन०एस०एस० एवं रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई के 150 छात्र– छात्राओं ने रैली निकाली। तदोपरान्त महाविद्यालय में मंच संचालन प्रो० राजीव ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके एवं संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के प्रस्तुतीकरण से हुआ। प्राचार्या महोदया ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए रैगिंग विरोधी समिति बनाई गई है। यदि रैगिंग का कोई मामला आता है तो उसके लिए कानून में निर्धारित जुर्माना के साथ कारावास का प्रावधान है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि महाविद्यालय में सौहार्दपूर्ण और शैक्षिक वातावरण स्थापित हो, ताकि कोई भी छात्र मानसिक ,शारीरिक तथा बौद्धिक रूप से पीड़ित न हो और महाविद्यालय में अधिगम शिक्षण सुचारू रूप से अनवरत चलें। वर्तमान में रैगिंग मामलों की संख्या में कमी दर्ज करने के लिए रैगिंग विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन एक सप्ताह तक देश के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। तत्पश्चात् उप–प्राचार्य महोदय डॉ जितेंद्र ठाकुर ने रैगिंग के निजी अनुभव सांझा किए तथा शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करी।

दिनांक 13 अगस्त 2025 को द्वितीय दिवस में सर्वप्रथम उप– प्राचार्य महोदय डॉ जितेंद्र ठाकुर ने छात्र – छात्राओं की मैराथन रैली को हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तपश्चात् मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत सह आचार्य डॉ सुरेश ठाकुर जी ने विद्यार्थियों से रैगिंग के दुष्परिणाम और विद्यार्थियों में रैगिंग रोकने के प्रति जागरूकता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने रैगिंग को रोकने के लिए केंद्र सरकार और उच्चतम न्यायालय के विभिन्न कानून के बारे में विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किये और इसके साथ ही नशे से दूर रहने के लिए युवाओं को प्रेरित किया।इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर जी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा छात्रों को रैगिंग विरोधी एवं अनुशासन से संबंधित विषयों की जानकारी दी । अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में निबंध लेखन,नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैगिंग विरोधी पोस्टर मेकिंग में ईशा प्रथम , रजत द्वितीय और मोहित तृतीय स्थान प्राप्त किया। नशा मुक्ति अभियान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम , नैंसी

द्वितीय और तराना तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम स्थान, नंदिता द्वितीय स्थान और नेहा तृतीय स्थान पर रही। भाषण कला प्रतियोगिता में नंदिता प्रथम स्थान,नीलाक्षी द्वितीय स्थान और रितु सूद तृतीय स्थान पर रही। मैराथन रैली में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अखिल द्वितीय स्थान सचिन और तृतीय स्थान पीयूष रहा और छात्रा वर्ग में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान रितिका द्वितीय स्थान अंजली और तृतीय स्थान स्वीटी रही।


कार्यक्रम के अंत में रैगिंग विरोधी सह अनुशासन समिति के समन्वयक डॉ दिव्या शर्मा ने सभी गणमान्यों सहित प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी–अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

तृतीय दिवस में रैगिंग विरोधी से अनुशासन समिति द्वारा सेल्फी कॉर्नर का निर्माण करके सभी शिक्षक वर्ग , गैर शिक्षक वर्ग और छात्र- छात्राओं ने रैगिंग विरोधी सेल्फी कॉर्नर में अपनी–अपनी सेल्फी लेकर रैगिंग विरोधी कार्यक्रम में चार चांद लगाए। तत्पश्चात लघु चलचित्र और वृत्तचलचित्र द्वारा सभी छात्राओं को रैगिंग विरोधी के बारे में अवगत कराया गया तथा विभिन्न दस्तावेज एवं नियमों के बारे में छात्रों के ज्ञान में वृद्धि हुई।

कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस में रैगिंग विरोधी विषय पर छात्र–छात्राओं द्वारा प्रहसन का मनमोहक प्रदर्शन किया। तत्पश्चात नायब तहसीलदार देवव्रत कपिल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में नशा तथा रैगिंग विरोधी विषय पर अपने विचार तथा अनुभव साँझे किए और सभी छात्र–छात्राओं से आवाहन किया कि वे नशे से दूर रहें और एक सुशिक्षित समाज निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के अंत में रैगिंग विरोधी सह–अनुशासन समिति के समन्वयक डॉ दिव्या शर्मा ने सभी गणमान्य सहित प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में डॉ सुमन शर्मा, प्रो० प्रमोज शर्मा, डॉ सपना राणा, डॉ राजीव , प्रो० राजेश खरवाल, प्रो० वंदना , प्रो अरविंद , डॉ उमा , प्रो अरविंद प्रो० निर्मला ,प्रो० सुरेश कुमार , प्रो० मितुल व प्रो० संदीप शर्मा आदि सभी शिक्षक वर्ग उपस्थित रहें तथा लगभग 300 छात्र भी उपस्थित रहें।

(Dr. Divya Sharma)
Convener
Antiragging & Discipline
Committee

Principal
Th. Jagdev Chand Memo
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)




Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College

MEDIA REPORT

# ठाकुर जगदेव चंद कॉलेज सुजानपुर में रैगिंग विरोधी सप्ताह का शुभारंभ




सवेरा न्यूज/गौरव जैन

सुजानपुर, 12 अगस्त : ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में रैगिंग विरोधी सप्ताह का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने नशा मुक्ति, रैगिंग विरोधी व हर घर तिरंगा की शपथ दिलाई। इसके बाद एनसीसी, एनएसएस और रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई के 150 छात्रों ने रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। प्राचार्या ने कहा कि रैगिंग पर कानून में 50 हजार रुपए जुर्माना व कारावास का प्रावधान है। उद्देश्य सौहार्दपूर्ण व शैक्षिक वातावरण बनाए रखना है। उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर ने अपने अनुभव व शिक्षा के महत्व पर विचार रखे। अंत में रैगिंग विरोधी सह अनुशासन समिति की समन्वयक डॉ. दिव्या शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व लगभग 200 छात्र उपस्थित रहे।

Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

# Pledge Taking Ceremony






Pledge taking ceremony








Poster Making Event
























Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Arrival of chief Guest



Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Media Report

# महाविद्यालय सुजानपुर में निकाली मैराथन रैली



**निजी संवाददाता - सुजानपुर**

ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में रैगिंग विरोधी एवं अनुशासन जागरूकता सप्ताह के द्वितीय दिवस का आगाज बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। सर्वप्रथम उपप्राचार्य डा. जितेंद्र ठाकुर ने छात्र-छात्राओं की मैराथन रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तपश्चात मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत सह आचार्य डा. सुरेश ठाकुर ने विद्यार्थियों से रैगिंग के दुष्परिणाम और विद्यार्थियों में रैगिंग रोकने के प्रति जागरूकता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यातिथि का स्वागत किया। डा. सुमन शर्मा, प्रो. प्रमोज शर्मा, डा. सपना राणा, डा. सुनीता सकलानी, प्रो. राजेश खरवाल, डा. राजीव भंडारी, प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. वंदना, डा. उमा, प्रो. अरविंद कुमार, डा. अरविंद पुरी, प्रो. निर्मला ठाकुर, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. मितुल, प्रो. संदीप शर्मा आदि सभी शिक्षक वर्ग सहित काफी संख्या में विद्यार्थी ...

Principal
Th. Jagdev Chand Memorial


Marathon/Cross Country Race






Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Chief Guest Lecture





Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Distribution of Certificates




Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Declamation Event on Anti Ragging Day.



Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Declamation Event



Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)


Skit on Anti Ragging Day.





Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Teacher's Selfie




Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

Students Selfie




Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)

A Vote of Thanks



Principal
Th. Jagdev Chand Memorial
Govt. Degree College
Sujanpur Tihra (H.P.)